# ढाना हवाई पट्टी का विस्तार कठिन

## प्रदेश की 10 उन्नत एयर स्ट्रिप्स को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव, सागर भी शामिल, नए एयरपोर्ट के लिए भूमि तलाश

नवभारत न्यूज

**सागर 10 अगस्त. मध्यप्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करने तथा उन्नत एयर स्ट्रिप्स को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने की दिशा में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा तैयारी की जा रही है। इस योजना में सागर को भी शामिल किया गया है, जो जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है.**

विधायक शैलेंद्रजैन ने बताया कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू के भोपाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मध्यप्रदेश में हवाई सेवाओं के विस्तार एवं विभिन्न उन्नत एयर स्ट्रिप्स को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई. उन्होंने बताया कि प्रदेश की 10 उन्नत एयर स्ट्रिप्स को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है. इनमें सिंगरौली, सागर, नीमच, छिंदवाड़ा, मंडला, खंडवा, रतलाम, मंदसौर, उमरिया और शहडोल को प्रस्तावित किया गया है. केंद्र सरकार से आवश्यक सहयोग एवं प्रोत्साहन मिलने के बाद इन परियोजनाओं पर आगे कार्य शुरू किया जाएगा.

विधायक जैन ने बताया कि सागर की भौगोलिक एवं वर्तमान परिस्थितियां थोड़ी अलग हैं। सागर में वर्तमान में स्थित हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक विस्तार करना अत्यंत कठिन है. इसके चलते सागर में एयरपोर्ट के विकास के लिए वैकल्पिक एवं पर्याप्त भूमि का चिन्हांकन किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि वर्तमान हवाई पट्टी के आसपास पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण एयरपोर्ट निर्माण की कार्रवाई फिलहाल आगे नहीं बढ़ पा रही है. भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऐसे स्थान की तलाश की जा रही है, जहां पर्याप्त भूमि उपलब्ध हो और वहां आधुनिक सुविधाओं से युक्त एयरपोर्ट विकसित किया जा सके.

### पर्याप्त भूमि की उपलब्धता के बाद आगे बढ़ेगी प्रक्रिया

विधायक श्री जैन ने इस संबंध में विमानन विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला से भी चर्चा कर सागर में एयरपोर्ट की स्थिति एवं प्रस्तावित प्रक्रिया की अपडेट जानकारी लेने का प्रयास किया. विधायक श्री जैन ने बताया कि चर्चा के दौरान यह स्पष्ट हुआ है कि सागर में पर्याप्त भूमि उपलब्ध न होने के कारण एयरपोर्ट निर्माण की कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पा रही है. उन्होंने कहा कि जैसे ही सागर में एयरपोर्ट के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध होती है, उसके बाद विशेष रूप से सागर में एयरपोर्ट विकसित करने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी. विधायक श्री जैन ने कहा कि सागर का एयरपोर्ट के रूप में विकास जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी. इससे सागर की देश के अन्य प्रमुख शहरों से हवाई कनेक्टिविटी बेहतर होने के साथ-साथ व्यापार, उद्योग, पर्यटन, शिक्षा, चिकित्सा एवं निवेश को भी नई गति मिलेगी. उन्होंने कहा कि सागर बुंदेलखंड का एक महत्वपूर्ण केंद्र है और लगातार विकास के2 नए आयाम स्थापित कर रहा है. ऐसे में हवाई सेवाओं का विस्तार सागर को प्रदेश एवं देश के प्रमुख शहरों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. विधायक ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग एवं प्रोत्साहन से सागर में एयरपोर्ट के विकास की दिशा में गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं. पर्याप्त भूमि की उपलब्धता के साथ ही इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाएगा.

# शिविर के पूर्व शिकायतों का निराकरण करें

नवभारत न्यूज

**सागर 10 अगस्त. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर श्रीमती पाल ने मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान की गहन समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए.**

उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों से लंबित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए. ब्लॉक स्तरीय शिविर से पहले संबंधित ब्लॉक एवं तहसीलों की लंबित शिकायतों का निराकरण अनिवार्य रूप से किया जाए. जन विश्वास अभियान प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित किया जाना है, गुरुवार शाम तक शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें.



सीएम हेल्पलाइन की नॉन अटेंडेड शिकायतों से संबंधित एल वन अधिकारी और संस्थागत वित्त प्रकरणों में ढिलाई बरतने वालों को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. उन्होंने कहा है कि 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों का अगले 10 दिनों के भीतर हर हाल में समाधान सुनिश्चित किया जाए. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यदि एसडीएम अपनी तहसील से बाहर जा रहे हैं, तो संबंधित तहसीलदार अनिवार्य रूप से अपनी तहसील मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे, ताकि राजस्व संबंधी कार्यों और आमजन की शिकायतों के समाधान में कोई बाधा न आए, कैंप से पहले सभी विभाग अपनी शिकायतों का समाधान करें. प्रत्येक शुक्रवार को कैंप स्थल के अतिरिक्त संबंधित एसडीएम अपनी-अपनी तहसीलों में समीक्षा व निरीक्षण जारी रखेंगे. कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित मुख्य सचिव द्वारा भी निर्देश दिए गए हैं जिसके तहत उद्यमी संवाद के अंतर्गत न केवल सफल उद्यमी बल्कि अन्य सफल व्यवसायियों जैसे एफपीओ, प्रोग्रेसिव फार्मर्स, बड़े किराना व्यापारियों के संवाद कराएं. बैठक में जिपं सीईओ विवेक केवी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री, एडीएम अविनाश रावत, सिटी मजिस्ट्रेट शैलेश द्विवेदी मौजूद रहे.

## एक नजर में



### जटिल नवजात रोगों के प्रबंधन पर सेमिनार

**सागर.** आईएमए सागर शाखा द्वारा नवजात गहन चिकित्सा एवं जटिल नवजात रोगों के प्रबंधन पर उच्चस्तरीय वैज्ञानिक सेमिनार का आयोजन किया गया. प्रथम वैज्ञानिक सत्र में डॉ. कुलदीप सुखदेवे ने कहा कि समय पर पहचान, संक्रमण नियंत्रण के मानकों का पालन तथा एंटीफंगल दवाओं का विवेकपूर्ण एवं साक्ष्य-आधारित उपयोग नवजात शिशुओं की सुरक्षा और बेहतर उपचार परिणामों के लिए आवश्यक है. इस दौरान डॉ. दीपक गोयल, डॉ. स्वप्निल भिसीकर ने संबोधित किया. आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने कहा कि वैज्ञानिक एवं अनुभव-आधारित शैक्षणिक आयोजन चिकित्सकों के व्यावसायिक ज्ञान, नैदानिक दक्षता तथा उपचार संबंधी निर्णय क्षमता को निरंतर समृद्ध करते हैं. संचालन डॉ. स्वाति पटेल ने किया.



### बदलाव जरूरी है रैली का प्रचार अभियान

**गढ़ाकोटा.** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्र व्यापी पदयात्रा अभियान केन्द्रीय नारा बदलाव जरूरी है के अन्तर्गत वाहन जत्था पदयात्रा निकाली गई. वक्ताओं ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा बदलाव जरूरी है' केन्द्रित राष्ट्रीय रैली 1सितम्बर को रनईदिल्ली में है. अभियान में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड चंद्रकुमार देवेंद्र सिंघई, गोवर्धन पटैल, भवानी पटेल मदनमोहन पटेल,हरीसींग, हीरालाल आदि शामिल हुए.



### अगस्त क्रांति दिवस पर निकली तिरंगा रैली

**रहली.** अगस्त क्रांति दिवस पर जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष बी.डी. पटेल की अगुवाई में तिरंगा रैली निकाली गई. रैली के दौरान महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुशील हजारी, संजय पटेरिया, ज्योति पटेल, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रिचा सिंह, पूर्व नपाध्यक्ष सौरभ हजारी, दीपक जैन, अनूप ददरया, प्रकाश गुप्ता, इसरार खान, बिहारी कुशवाहा, रविंद्र लोधी, रत्नेश कुशवाहा, इशाक खान, प्रमोद नायक, पुरुषोत्तम कुशवाहा, नारायण पटेल, सुग्रीव पटेल, महेंद्र सिगोनिया, भोला अहिरवार, रोहित, महेंद्र यादव, डॉ. प्रभुपटेल, हरिदयाल पटेल मौजूद थे.

## समीक्षा बैठक कल

**सागर.** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा,मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव का सागर नगर आगमन 12 अगस्त बुधवार को दोपहर 11 बजे राजीव गांधी भवन,जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में हो रहा है. कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव,सेवादल प्रभारी शिव कुमार नीखरा,सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू उपस्थित रहेगे. कार्यक्रम के आयोजक जिला शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने सभी कांग्रेसजनों ने कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है.

# संगीत में सतत अभ्यास नितांत आवश्यक

नवभारत न्यूज

**सागर 10 अगस्त. संगीत में सतत् अभ्यास नितांत आवश्यक है, गुरु कितने भी परिश्रम से, कितने भी लंबे समय तक शिष्यों को संगीत एवं नृत्य कला की गहन शिक्षा प्रदान करता हो, किन्तु यदि शिष्य प्राप्त शिक्षा का सतत् अभ्यास नहीं करता है तो वह प्राप्त शिक्षा अथवा कला धीरे-धीरे क्षीण होती जाती है.**



उक्त उद्गार शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय के नृत्य एवं संगीत विभाग द्वारा आयोजित भातखंडे जयंती पर मुख्य अतिथि वाणिज्य विभाग के पूर्व प्राध्यापक डॉ. अनिल शर्मा ने व्यक्त किए. आयोजन सचिव डॉ. प्रेम चतुर्वेदी ने स्वागत भाषण दिया. नृत्य विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा चाचोंदिया ने शास्त्रीय संगीत के प्रणेता पंडित विष्णु नारायण भातखंडे के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला. इस दौरान संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. हरिओम सोनी, भूतपूर्व छात्र रामसखी सौर ने भी विचार प्रस्तुत किए. अध्यक्षीय उद्बोधन प्राचार्य डॉ.आनंद तिवारी ने दिया. इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डा.अंजना चतुर्वेदी ने आभार व्यक्त किया.

# कारण बताओ नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

**सागर 10 अगस्त. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम कार्यालय में उपायुक्त, सहायक आयुक्त, समस्त इंजीनियरों एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित कर जन अभियान अंतर्गत संचालित योजनाओं, व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली की प्रगति का जायजा लिया.**

समीक्षा के दौरान आयुक्त श्री खत्री ने अधिकारियों से विभागवार प्रगति की जानकारी ली और जहां कार्यों की गति संतोषजनक नहीं पाई गई, वहां नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं एवं विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए. श्री खत्री ने कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी. जो अधिकारी या कर्मचारी समयबद्ध एवं सुचारु रूप से कार्य संपादित नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा तथा गंभीर मामलों में वेतन कटौती की कार्रवाई भी की जा सकती है. बैठक में आयुक्त श्री खत्री ने स्थायी अतिक्रमण हटाने के अभियान को सख्ती से संचालित करने के निर्देश भी दिए गए.

# छात्रा क्लब गतिविधियां संपन्न



नवभारत न्यूज

**सागर 10 अगस्त. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा कौटिल्य आर्थिक परिषद के तत्वाधान में सेमिनार आयोजित किया गया.**

प्राचार्य डॉ आनंद तिवारी ने वर्तमान समय में कौटिल्य के विचारों की सार्थकता पर अपने विचार व्यक्त किए. डॉ. बिंदु श्रीवास्तव ने कहा अर्थव्यवस्था अर्थशास्त्र के पांचों विभागों के माध्यम से संचालित होती है. डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने कहा विषय के सरल रूप से समझने का नाटक रूपान्तरण एक सशक्त माध्यम है. कार्यक्रम में डॉ रश्मि दुबे, डॉ निशा इंद्र गुरु, डॉ. अपर्णा चाचोंदिया, डॉ अश्विनी सूर्यवंशी, मनीषा शर्मा, दुर्गेश नंदनी आदि मौजूद थे.

## जानलेवा हमले के सात हुए आरोपी गिरफ्तार

**सागर.** गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र अंतर्गत मगरधा मे जानलेवा हमले के आधा दर्जन से अधिक आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हल्ले भाई पिता मूलू रैकवार, निवासी ग्राम मगरधा, थाना गढ़ाकोटा द्वारा थाना गढ़ाकोटा उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि महेन्द्र रैकवार निवासी ग्राम मगरधा एवं अन्य आरोपियों द्वारा मारपीट कर चोट पहुंचाई गई. पुलिस टीमों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण में नामजद आरोपियों की तलाश कर घटना के सभी सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया.

# सुरखी विस के हर मंडल में निकलेगी यात्रा

नवभारत न्यूज

**सागर 10 अगस्त. राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति सम्मान, राष्ट्रभक्ति की भावना और देश की एकता-अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मातेश्वरी से तिरंगा यात्रा निकाली.**

मंत्री श्री राजपूत स्वयं हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा के हर मंडल में यह तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी. राहतगढ़ और जैसीनगर मंडल में 14 अगस्त को बिलहरा मंडल में 11 एव सीहोरा मंडल में 12 अगस्त को यह यात्रा निकाली जायेगी. श्री राजपूत ने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्राओं को लेकर उत्साह का वातावरण है. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज विकास के साथ-साथ अपनी गौरवशाली विरासत और राष्ट्रीय मूल्यों को भी मजबूती से आगे बढ़ा रहा है.



# गुरु के दर्शन मात्र से मनुष्य अंतर्मुखी होता है

नवभारत न्यूज

**सागर 10 अगस्त. मुनिश्री चंद्र सागर महाराज ने कहा कि गुरु के नाम और प्रभाव में अद्भुत शक्ति होती है. उन्होंने अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि एक बार उनकी गाड़ी को डाकुओं ने रोक लिया था, लेकिन गुरुजी के नाम का प्रभाव ऐसा रहा कि उन्होंने जाने दिया, इसके बाद वे नैनागिर पहुंचे,गुरुदेव के दर्शन किए.**

उन्होंने कहा कि गुरुदेव के दर्शन मात्र से व्यक्ति कुछ क्षण के लिए अंतर्मुखी होकर अपने जीवन के बारे में सोचने लगता है. एक वीतरागी मुनि का जीवन हजारों-लाखों लोगों को संसार से पार लगाने की प्रेरणा दे सकता, वाणी में बड़ी शक्ति होती है, जिनवाणी के माध्यम से धर्म के बड़े-बड़े महोत्सव खड़े हो जाते हैं.

मुनिश्री ने कहा कि गुरुदेव के सागर में आने से ही इस क्षेत्र का भाग्योदय हुआ और आज यह भूमि महातीर्थ का स्वरूप धारण कर रही है. आचार्य विद्यासागर महाराज को लोग सदियों तक याद रखेंगे. उनका व्यक्तित्व और आभामंडल अद्वितीय था. उन्होंने अमरकंटक के कल्याण दास बाबा का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि बाबा जी के आश्रम में कन्या आश्रम, विद्यालय और अस्पताल भी संचालित होते हैं, आचार्य श्री को जब उनके पास जाने का आदेश मिला तो वे वहां पहुंचे. बाबा जी ने भी आचार्य श्री का सम्मान करते हुए हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया. यह प्रसंग आचार्य श्री की सरलता, विनम्रता और सर्वधर्म सम्मान की भावना को दर्शाता है. मुनि श्री ने कहा कि संतों का जीवन समाज को जोड़ने और मानवता की सेवा का संदेश देता है. आचार्य विद्यासागर महाराज का जीवन भी इसी भावना का जीवंत उदाहरण था. मुनि श्री गरिष्ठ सागर महाराज ने कहा कि जीवन में किसी भी वस्तु की अति नुकसानदायक होती है, जिस प्रकार भोजन अधिक मात्रा में करने से अपच हो जाता है, उसी प्रकार इंद्रियों और मन को मिलने वाले विषयों का अधिक स्वाद भी जीवन में अनेक परेशानियों को जन्म देता है. उन्होंने कहा कि भोजन का स्वाद कुछ समय का होता है, लेकिन यदि मन निंदा का स्वाद लेने लगे तो वह दुश्मनी का कारण बन जाता है. बातों का स्वाद चुगली को जन्म देता है और सुख का अत्यधिक भोग अंततः अवसाद तथा अहंकार का कारण बन सकता है. मुनिश्री ने कहा कि आज मनुष्य ने अपने पेट को डस्टबिन बना लिया है, जो मिला, जितना मिला और जब मिला, उसे खाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, यदि भोजन पच गया तो ठीक, लेकिन यदि नहीं पचा तो यही आदत व्यक्ति को रोगों की ओर ले जाती है. उन्होंने कहा कि व्यक्ति धन कमाने के लिए जीवनभर मेहनत करता है, लेकिन यदि स्वास्थ्य खराब हो गया तो वही धन अस्पतालों और दवाइयों पर खर्च हो जाता है.

## स्कूली छात्राओं को दी गईं जानकारियां

**सागर.** पुलिस द्वारा संचालित सृजन संवाद योजना के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया. योजना के नोडल अधिकारी एएसपी नरेंद्र सोलंकी द्वारा कार्यक्रम का समन्वय किया जा रहा है. सांदीपनी स्कूल की छात्राओं एवं शिक्षक स्टाफ ने पुलिस कंट्रोल रूम सागर का शैक्षणिक भ्रमण किया. इस दौरान महिला थाना प्रभारी श्रीमती संतोषी कनासिया, प्रभारी रेडियो निरीक्षक सचिन नागरे उपस्थित रहे. एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने कंट्रोल रूम, डायल-112,सीसीटीवी नेटवर्क, वायरलेस संचार तथा पुलिस के विभिन्न स्तरों के बीच समन्वय की कार्यप्रणाली सरल एवं रोचक तरीके से समझाई. श्री भदौरिया ने संवाद के दौरान छात्राओं ने पुलिस, साइबर अपराध, डायल-112, सीसीटीवी एवं पुलिस की कार्यप्रणाली से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे गए.



# चालानी कार्रवाई में 6200 वसूले

नवभारत न्यूज

**सागर 10 अगस्त. कलेक्ट्रेट परिसर एवं समस्त संभागीय व जिला प्रमुख कार्यालयों में दोपहिया वाहन चालकों के लिए बिना हेलमेट प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है.**

कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश द्वारों पर की जा रही लगातार चेकिंग के दौरान अब तक बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 6,200 रुपए का शमन शुल्क वसूल किया गया है. उल्लेखनीय है कि कलेक्ट्रेट एवं अन्य संभागीय/जिला स्तरीय कार्यालयों के अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं तथा आम नागरिकों सभी के लिए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है. नियमों का उल्लंघन करने पर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश निषेध करने के साथ-साथ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा रही है.

# अमरपुर मंडी में थोक फल सब्जी विक्रेता ही शिफ्ट

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 10 अगस्त. नझाई बाजार में फल-सब्जी मंडी को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा है कि अमरपुर मंडी में केवल फल-सब्जी के थोक विक्रेताओं को स्थानांतरित किया गया है. फुटकर विक्रेताओं को शिफ्ट नहीं किया गया है.**



फुटकर विक्रेता अपने वर्तमान स्थानों पर ही फल-सब्जी की बिक्री करते रहेंगे, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो. जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में नझाई बाजार स्थित फल-सब्जी मंडी में ट्रक, ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों के अनियंत्रित तरीके से खड़े होने और अत्यधिक भीड़ के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती थी. इससे स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं, एंबुलेंस और आम राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था. डीएम ने बताया कि नझाई बाजार में फल-सब्जी बिक्री वाले स्थान पर ट्रैफिक जाम की समस्या के स्थायी समाधान के उद्देश्य से वहां के थोक फल-सब्जी विक्रेताओं को अमरपुर स्थित मंडी में स्थानांतरित किया गया है. वहीं फुटकर विक्रेताओं को उनके पूर्व स्थानों से हटाया नहीं गया है. जिलाधिकारी के अनुसार कैलगुवां चौराहा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवरब्रिज बन जाने से फल-सब्जी लेकर आने वाले वाहनों को शहर के भीतर प्रवेश करने के बजाय सीधे अमरपुर मंडी पहुंचने में सुविधा होगी. इससे शहर में भारी वाहनों का दबाव और यातायात संबंधी परेशानी भी कम होने की उम्मीद दिख रही है.

## सफाई कर्मी का चयन

**ललितपुर.** नदीपुरा निवासी एवं विकास खण्ड जखौरा की ग्राम पंचायत निवाहो में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत अरविंद कुमार लखनऊ के के.डी. सिंह 'बाबू' स्विमिंग पूल में होने वाले ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे. अरविंद कुमार 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, 100 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर एवं 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में प्रतिभाग करेंगे. एशियन मास्टर्स चैंपियनशिप 4 से 10 अक्टूबर तक बेंगलुरु में आयोजित होगी. उनके चयन ट्रायल में प्रतिभाग करने पर विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों एवं समस्त खेल प्रेमियों में हर्ष है तथा सभी ने उनके बेहतर प्रदर्शन एवं चयन के लिए शुभकामनाएं दी हैं.

# जेन-जी देश की सबसे बड़ी शक्ति : अविराज

नवभारत न्यूज

**खुरई 10 अगस्त.छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल ललोई में सहभागिता युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि जेन-जी देश की सबसे बड़ी शक्तियों में से एक है और युवाओं को अपनी क्षमता पहचानकर देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए.**



उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी तकनीक और इंटरनेट के दौर में आगे बढ़ रही है, इसलिए अपने हुनर, मेहनत और नई तकनीक का सही उपयोग करते हुए युवा अपने भविष्य के साथ देश का भविष्य भी बदल सकते हैं. उन्होंने सम्मान, जो समाज के काम आए पहल के तहत छात्र-छात्राओं को पुस्तकें, कापी, पेन के साथ ही छाते भेंट किए. श्री सिंह ने कहा कि जेन-जी अर्थात वर्ष 1997 से 2012 के बीच जन्मी पीढ़ी देश की सबसे बड़ी शक्तियों में से एक है, क्योंकि यह पीढ़ी तकनीक, इंटरनेट और डिजिटल माध्यमों के साथ बड़ी हुई है. श्री सिंह ने कहा कि जेन-जी केवल एक नई पीढ़ी का नाम नहीं है, बल्कि तेजी से बदलती दुनिया और नई संभावनाओं का प्रतीक है. यह ऐसी पीढ़ी है जिसने इंटरनेट, मोबाइल, सामाजिक माध्यम और आधुनिक तकनीक को जीवन का हिस्सा बनते हुए देखा है.